COVID-19 रिटर्न टू स्कूल पॉलिसी (स्कूल वापिस जाने से सम्बन्धित नीति)

Truganina College

उद्देश्य

इस नीति का उद्देश्य यह दर्शाना है कि टर्म 2, 2020 में स्कूल वापिस जाने के दौरान विद्यार्थियों, माता-पिता और कर्मचारियों के बीच होने वाली मुख्य क्रियाओं और बातचीत के दौरान कोरोनावायरस (COVID-19) से सम्बन्धित खतरे का प्रबंध कैसे करना है।

Truganina College हमारे विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए शिक्षा-प्राप्त करने और नौकरी करने के लिए एक सुरक्षित परिवेश प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम पूरे स्कूली समुदाय से निवेदन करते हैं कि वे इस नीति का अनुपालन करें ताकि हम इस समयावधि के दौरान सबसे सुरक्षित संभव परिवेश प्रदान करने में सक्षम बन सकें। विक्टोरिया में COVID-19 के फैलाव को रोकने में हम सभी की भूमिका है।

पृष्ठभूमि

Truganina College शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग (Department of Education and Training) से मिली सलाह का अनुपालन कर रहा है, जिसमें शामिल है: *COVID-19 के संदर्भ में स्कूली स्थल पर शिक्षा-प्राप्ति के लिए वापिस आने से सम्बन्धित स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सलाह,* जिसे विभाग की कोरोनावायरस (COVID-19) वेबसाइट पर प्राप्त किया जा सकता है।

सीमा

यह नीति Truganina College के समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति पर लागू है। इसमें स्टॉफ के सभी सदस्य (प्रिंसिपल, अध्यापक और शिक्षा में सहायता देने वाले कर्मचारी), कॉलेज से पारस्परिक क्रियाएँ और बातचीत करने वाले सभी माता-पिता/देखभालकर्ता और सभी विद्यार्थी शामिल हैं। इसमें कॉलेज में आने वाले विज़िटर (आगंतुक) भी शामिल हैं।

आवश्यकताएँ

ऑनसाइट (स्कूली स्थल) पर उपस्थिति

शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग (Department of Education and Training - DET) यह सलाह देता है कि:

कोरोनावायरस (COVID-19) के संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए स्कूली समुदायों द्वारा जो सबसे महत्वपूर्ण कार्यवाही की जा सकती है, वह यह सुनिश्चित करना है कि यदि कोई कर्मचारी,

बच्चे और युवा लोग अस्वस्थ हैं तो वे घर पर ही रहते हैं।

हालाँकि वायरस (विषाणु) के संक्रमण का खतरा बहुत कम है, परन्तु जिन कर्मचारियों या विद्यार्थियों को गंभीर रोग का सबसे अधिक खतरा हो, उन्हें व्यक्तिगत तौर पर अपनी चिकित्सीय व्यवसायी के समर्थन के साथ इस समयावधि में स्कूली स्थल पर उपस्थिति के लिए उपयुक्तता का आकलन करना चाहिए।

क्योंकि स्कूली परिवेश में कोरोनावायरस (COVID-19) के संक्रमण का मुख्य खतरा वयस्कों के बीच होता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि स्कूली मैदानों में आने वाले विज़िटरों को केवल उन तक ही सीमित रखा जाए जो अत्यावश्यक स्कूली सेवाएँ और संचालन प्रदान करने या इसमें समर्थन देने आ रहे हों।

इसका यह अर्थ है कि हमारे कॉलेज में:

- सभी अस्वस्थ कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए **यह ज़रुरी है** कि वे घर पर ही रहें।
- जिन विद्यार्थियों की पेचीदा चिकित्सीय आवश्यकताएँ हैं (इनमें कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले विद्यार्थी शामिल हैं), उनके माता-पिता/देखभालकर्ताओं को विद्यार्थी के चिकित्सीय व्यवसायी से सलाह लेनी चाहिए ताकि

यह फैसला लेने में सहायता मिल सके कि क्या स्कूली स्थल पर शिक्षा उचित है, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि विक्टोरिया में कोरोनावायरस (COVID-19) महामारी की स्थिति पर निर्भर करते हुए यह सलाह बदल सकती है। यह DET की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकता नीति के अनुरुप है।

- कॉलेज के मैदान में केवल उन विज़िटरों को आने दिया जाएगा जो अत्यावश्यक स्कूली सेवाएँ और संचालन प्रदान करते हैं या इसमें समर्थन देते हैं (जैसे कि विद्यार्थी स्वास्थ्य एवं कल्याण सेवाएँ, विशेषज्ञ पाठ्यक्रम कार्यक्रम, रखरखाव कार्यकर्ता)।
- अतिरिक्त कर्मचारियों, इसमें स्वयंसेवी भूमिका निभाने वाले माता-पिता शामिल हैं, को इस समय स्कूल में आने से हतोत्साहित किया जाता है। अगला नोटिस जारी किए जाने तक माता-पिता पर निर्भर और उन्हें शामिल करने वाली गतिविधियों (जैसे कि मॉर्निंग पेरेंट 1:1 रीडिंग, प्रशासनीय स्वयंसेवक और चंदा इकट्ठा करने वाले समाराहों के स्वयंसेवक) को रद्द कर दिया जाता है।
- यदि कोई माता-पिता/देखभालकर्ता स्टॉफ के किसी सदस्य के साथ किसी मामले पर चर्चा करना चाहते हैं तो हम उनसे निवेदन करते हैं कि वे फोन कॉल या ई-मेल के विकल्प का प्रयोग करें। यदि आमने-सामने की मीटिंग की आवश्यकता हो (जैसे कि नियोजित पेरेंट टीचर मीटिंग), तो यह ज़रुरी है कि इस मीटिंग में वयस्कों की बीच 1.5 मीटर की शारीरिक दूरी की आवश्यकताएँ पूरी की जाएँ।
- ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य संरक्षण की प्रमुख समिति (Australian Health Protection Principal Committee) ने यह सलाह दी है कि पहले स्थापित की गई प्रति कक्षा में 10 विद्यार्थियों की दर की अब कोई ज़रुरत नहीं है और इसके फलस्वरुप कक्षाएँ अपनेr **सामान्य कक्षा आकार (कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या)** के अनुसार आयोजित की जाएँगी।
- कंटीन केवल ऑनलाइन लंच ऑर्डर के लिए खुली होगी। ब्रेक के दौरान सामान्य स्नैक (अल्पाहार) और ड्रिंक्स खरीदे जा सकते हैं, सभी हॉट और कोल्ड लंच सामग्री केवल ऑनलाइन तरीके से उपलब्ध है।
- सभी ऐसी अंतर स्कूल गतिविधियाँ जिनमें अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों की स्कूली स्थल पर उपस्थिति की ज़रुरत होती है [जैसे कि इंटरस्कूल स्पोर्ट्स], वे या तो वर्चुएली की जाएँगी या इन्हें रद्द कर दिया जाएगा।
- स्कूली एसेम्बलियों, सैर-सपाटों, कैंप और अन्य गैर-अत्यावश्यक बड़ी सभाओं को स्थगित कर दिया जाएगा। इसमें 2021 के लिए रात्रि में आयोजित किए जाने वाले जानकारी सत्र और स्कूली टूर शामिल हैं, इनके स्थान पर जानकारी ऑनलाइन रुप से प्रस्तुत की जाएगी।

स्कूल आना-जाना

DET यह सलाह देती है कि:

क्योंकि स्कूली परिवेश में कोरोनावायरस (COVID-19) के संक्रमण की शुरुआत होने का मुख्य खतरा वयस्कों से है, इसलिए स्कूली समुदाय के वयस्क सदस्यों के बीच करीबी संपर्क से परहेज किया जाना चाहिए, विशेषकर स्कूल ड्राप-ऑफ और पिक-अप के दौरान।

इसका यह अर्थ है कि हमारे कॉलेज में:

- हम कर्मचारियों और माता-पिता/देखभालकर्ताओं से निवेदन करते हैं कि वे अन्य वयस्कों और कक्षाओं के दरवाज़े से 1.5 मीटर की शारीरिक दूरी बनाकर रखें, यह सुनिश्चित करें कि वे स्कूल के कार पार्क सहित स्कूल के अंदर या इसके आसपास के क्षेत्रों में भीड़ करके जमा न हों।
- स्कूल और प्रवेश स्थानों में विद्यार्थियों और वयस्कों के बीच पारस्परिक क्रियाओं और बातचीत को कम से कम करने के लिए हम:
  - विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग पिक अप टाइम मंगलवार 26 मई 2020 से शुरु होंगे, विद्यार्थियों को यहाँ से पिक अप किया जाएगा:

    फाउंडेशन 2:50pm

    कक्षा 1 2:55pm

    कक्षा 2 3:00pm
  - यह निवेदन कर रहे हैं कि माता-पिता स्कूली मैदान में केवल तभी प्रवेश करें जब ऐसा करना अत्यावश्क हो और इसकी बजाए जहाँ उचित हो वे स्कूल को फोन या ई-मेल से संपर्क करें
  - स्कूली कार्य समय से पहले और इसके बाद सभी प्लेग्राउंड्स और बास्केटबॉल मैदानों को बंद कर रहे हैं।
  - गैर-संपर्क करके किए जाने वाले अभिनंदन को बढ़ावा दे रहे हैं।

स्वच्छता

DET यह सलाह देती है कि:

हर कोई हाथों की प्रभावी स्वच्छता को जारी रखकर कोरोनावायरस के फैलाव की रोकथाम और अपनी सुरक्षा कर सकता है।

हमारे कॉलेज में:

- सभी कर्मचारी और विद्यार्थी नियमित तौर पर हाथों की साफ-सफाई पर ध्यान देंगे, विशेषकर स्कूल आने पर, भोजन करने से पहले और इसके बाद, अपना नाक साफ करने, खाँसने, छींकने या शौचालय का प्रयोग करने के बाद। जहाँ आवश्यक होगा, यह कर्मचारियों द्वारा निर्देशित होगा या उनके द्वारा इसपर नज़र रखी जाएगी।
- यदि साबुन और पानी तुरंत उपलब्ध न हों, तो हैंड सैनीटाइज़र उपलब्ध कराया जाएगा।
- कर्मचारी यह सुनिश्चित करेंगे कि हैंड सैनीटाइज़र के खाली होने से पहले इसे दोबारा भरा जाता है।
- विद्यार्थियों के लिए **यह ज़रुरी है** कि वे प्रयोग करने (और दोबारा भरने) के लिए अपनी पानी की बोतल स्कूल लाएँ। यह सुझाव दिया जाता है कि विद्यार्थी इस समय सीधे ड्रिंकिंग फाउंटेन से पानी न पीयें।
- कर्मचारियों और विद्यार्थियों को यह स्मरण कराया जाता है कि वे खुद नियमित तौर पर अपने मोबाइल फोन साफ करें। मोबाइल फोन पॉलिसी चालू रहती है इसलिए स्कूली दिन के दौरान विद्यार्थी अपने मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे।
- मिलबांट कर भोजन करने की अनुमति नहीं है।

अध्यापन और शिक्षण परिवेशों तथा ब्रेक समयावधियों के लिए विशिष्ट प्रबंध

DET यह सलाह देती है कि:

शैक्षिक परिसर में 1.5 मीटर की शारीरिक दूरी बनाए रखना हमेशा व्यवहारिक नहीं होगा। शारीरिक दूरी वयस्कों के बीच सबसे महत्वपूर्ण है।

संक्रमण के फैलाव के खतरे को कम से कम करने और स्कूली स्थल पर कोरोनावायरस (COVID-19) के प्रमाणीकृत मामले की दुर्लभ स्थिति में एक एहतियाती उपाय के तौर पर अलग-अलग साथी समूह (कक्षाएँ या कक्षा स्तरों) में मेलजोल कम करने का सुझाव दिया जाता है।